छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,कानपुर
CHATRAPATI SHAHU JI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR
(पूर्ववर्ती कानपुर विश्वविद्यालय, कानपुर)
(Formely Kanpur University, Kanpur)
Kalyanpur, Kanpur-208024
कल्यानपुर कानपुर–208024

सन्दर्भ सं0: सी.एस.जे.एम.वि.वि./COE/ 2829 /2022 दिनांक :06 /06 /2022

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/प्रभारी,
विश्वविद्यालय से सम्बद्व समस्त महाविद्यालय,
छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विषय : एन.ई.पी. 2020 के सत्र 2021–22 के द्वितीय सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया आदेशानुसार अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय से सम्बद्व महाविद्यालयों में एन.ई.पी. 2020 के पाठ्यक्रमों की द्वितीय सेमेस्टर एवं पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों (एलएल.बी., बी.ए.एलएल.बी., बी.पी.एड. एम.पी.एड. बी.एड. एम.एड. छोड़कर) के सम सेमेस्टर की परीक्षायें अतिशीघ्र सम्पन्न कराई जानी है। इन परीक्षाओं हेतु ऑनलाइन सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा कराये जाने की अंतिम तिथि 05.06.2022 थी। कुछ महाविद्यालयो एवं छात्र/छात्राओं द्वारा अवगत कराया गया है कि अद्यतन उनका ऑनलाइन सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क नही जमा कराया जा सका है।

अतः एन.ई.पी. 2020 पाठ्यक्रमों के द्वितीय सेमेस्टर तथा पूर्व से संचालित सेमेस्टर पाठ्यक्रमों (एलएल.बी., बी.ए.एलएल.बी., बी.पी.एड. एम.पी.एड. बी.एड. एम.एड. छोड़कर) की सम सेमेस्टर की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अर्ह भूतपूर्व/बैक पेपर के छात्र/छात्राओं की **दिनांक 08.06.2022** तक ऑनलाइन सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि विस्तरित की जाती हैं। इन परीक्षाओं से सम्बन्धित परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

अतः अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को उक्त से अवगत कराने एवं ससमय ऑनलाइन फॉर्म सब्मिशन एवं परीक्षा शुल्क जमा कराना सुनिश्चित करे।

भवदीय

(डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. समस्त सम्बन्धित निदेशक/प्राचार्य/प्राचार्या को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से सभी सम्बन्धित छात्र–छात्राओं को उक्त सूचना से अवगत कराने का कष्ट करें।
2. प्रभारी, पी.एम.यू. सेल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना से अवगत होते हुए वेबसाइट के होम पेज अपलोड कराने एवं अन्य अग्रेतर कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करने का कष्ट करें।
3. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी को सूचनार्थ प्रेषित।
4. वैय0 सहायक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।

(अजीत प्रताप सिंह)
सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)